पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा (विज्ञापन)–48 / 2025
बिहार कर्मचारी चयन आयोग,
पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–3833/आ. पटना, दिनांक–24.9.2025

आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–2987 / आ0, दिनांक–04.08.2025 एवं ज्ञापांक–2984 / आ0, दिनांक–04.08.2025 द्वारा क्रमशः चतुर्थ स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या–05 / 25 तथा कार्यालय परिचारी / परिचारी (विशिष्ट) पद हेतु विज्ञापन संख्या–06 / 25 प्रकाशित की गयी है। उक्त दोनों परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक–25.08.2025 से आमंत्रित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि UGC द्वारा लागू National Education Policy (NEP) के अनुसार अब CGPA/GRADING सिस्टम अपनाया गया है, जिसके अन्तर्गत कतिपय बोर्ड / संस्थान / विश्वविद्यालय द्वारा सीधे अंक प्रदान नहीं किये जाते हैं। उनके मार्कशीट में केवल CGPA और GRADE अंकित होते हैं।

ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने वाले वैसे सभी अभ्यर्थियों, जिनके अंकपत्र में CGPA और GRADE अंकित है, को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु तैयार Software में पूर्णांक एवं प्राप्तांक तथा Full CGPA एवं प्राप्त CGPA अंकित किये जाने का विकल्प दिया जा रहा है।

अभ्यर्थी अपने अंक–पत्र के अनुसार पूर्णांक एवं प्राप्तांक अथवा Full CGPA एवं प्राप्त CGPA अंकित करते हुये विज्ञापन संख्या–05 / 25 एवं विज्ञापन संख्या–06 / 25 हेतु ऑनलाइन आवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही, वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा पूर्णांक एवं प्राप्तांक वाले विकल्प में Full CGPA एवं प्राप्त CGPA अंकित करते हुये आवेदन समर्पित किया जा चुका है, उनके आवेदन भी मान्य होंगे।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

24/IX/2025

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।